॥ ॐ श्री सद्गुरु देवाय नमः॥ ॥ ओ३म् ॥ ॥ जय माता दी ॥ ॥ उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
॥ श्री सीताराम ॥ जय बाबा की ॥ श्याम बाबा ॥ ॥ मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्॥ ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 179 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦9 अप्रैल 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in




## प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन घट स्थापना के साथ मां भगवती के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा का विधान है। इन्हें प्रकृति की देवी भी कहा जाता है।

# बाबा तरसेम सिंह हत्याकाण्ड का एक शूटर मुठभेड़ में ढेर

रूड़की/नानकमत्ता( उद संवाददाता) । उधम सिंह नगर के नानकमत्ता स्थित डेरा कारसेवा के प्रमुख जत्थेदार बाबा



तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने वाले दो शूटरों में से एक अमरजीत सिंह को उत्तराखंड एसटीएफ और हरिद्वार



## दूसरा शूटर सर्वजीत सिंह हुआ फरार

पुलिस ने भगवानपुर क्षेत्र में मुठभेड़ में मार गिराया है। हत्याकाण्ड में शामिल दूसरा दूसरा शूटर फरार हो गया और उसकी तलाश में एसटीएफ और पुलिस जुटी हुई है। सूचना मिलने पर एसएसपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस के मुताबिक, सोमवार की सुबह इमली खेड़ा मार्ग पर भगवानपुर थाना पुलिस की टीम एक ढाबे के पास चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने बाइक सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह कलियर की तरफ भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने इनका पीछा किया। पुलिस ने कुछ दूर जाने पर दोनों बदमाशों को घेर लिया तो बदमाशों ने पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जबकि दूसरा जंगल के रास्ते फरार हो गया। पुलिस ने इसका पीछा भी किया लेकिन वह हाथ नहीं आया। घायल बदमाश को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

# बद इंतजामी के बीच चैती मेले का आगाज

काशीपुर। उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध चौती मेले का आज भारी बद इंतजामी के बीच आगाज कर दिया गया। पूर्व सांसद के सिंह बाबा, क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, राम मेहरोत्रा, दीपक बाली, मां बाल सुंदरी देवी उज्जैनी शक्तिपीठ के मुख्य पंडा/प्रबंधक विकास कुमार अग्निहोत्री, पंडा वंश गोपाल अग्निहोत्री, पंडा विवेक अग्निहोत्री, शिव अग्निहोत्री मनोज अग्निहोत्री वंदना अग्निहोत्री एवं बाबा सम्राट गिरी की मौजूदगी में मंदिर की प्राचीन पर लगे धर्म ध्वजा को फहराकर ऐतिहासिक चौती मेले का विधिवत



शुभारंभ किया गया। पंडा शक्ति अग्निहोत्री ने बताया कि 15 अप्रैल को नगर मंदिर से मां बाल सुंदरी देवी का डोला निर्धारित मार्ग से चलकर चौती पहुंचेगा। 16 अप्रैल की सुबह माता मंदिर में विराजमान होंगी। 22 अप्रैल को माता का डोला वापस चौती मंदिर से नगर मंदिर ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक चौती मेला 30 अप्रैल तक चलेगा। लेकिन मजे की बात यह है कि मेले की देखरेख का जिम्मा प्रशासन के पास होने के बावजूद व्यवस्था का हाल बदहाल है। मेला क्षेत्र में बड़े–बड़े गड्ढे अपनी कहानी आप कह रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर पेयजल प्रकाश तथा साफ सफाई (शेष पृष्ठ सात पर)

# रणवीर एनकाउंटर के 15 साल बाद उत्तराखण्ड पुलिस ने किया एनकाउंटर

■ अनिल सागर

ऊधमसिहनगर। राजधानी देहरादून में रणवीर एनकांण्टर के बाद पुलिस की हुई फजीहत के बाद एनकाउंटर से तौबा कर चुकी उत्तराखण्ड पुलिस ने 15 साल बाद कारसेवा बाबा तरसेम सिंह हत्याकाण्ड के शूटर अमरजीत सिंह को मुठभेड़ में मारकर रणवीर एनकाउंटर की याद दिला दी। पुलिस ने लम्बे समय बाद दिलेरी दिखाते हुए बाबा तरसेम की हत्या करने वाले शूटर का एनकाउंटर कर एक बड़ी चुनौती को पार करने के साथ ही पंजाब से आकर उत्तराखण्ड में दुस्साहस करने वालों को सबक सिखाने का भी काम किया है। गौरतलब है कि 3 जुलाई 2009 को राजधानी देहरादून में मोहिनी रोड (शेष पृष्ठ सात पर)

## कई पुलिस वालों को हुई थी जेल

उधम सिंह नगर। रणवीर एनकांउटर ने उत्तराखण्ड पुलिस को झकझोर कर रख दिया था। जांच में रणवीर एनकाउंटर की पुलिस की कहानी झूठी पाई गई थी। रणवीर एनकाउंटर में लम्बे समय जेल रहने के बाद 11 पुलिस कर्मी बरी हुए जबकि 7 को दोषी करार दिया गया था। इस मामले में हत्या, अपहरण , अपराधिक षडयंत्र में डालनवाला के तत्कालीन (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार और बाईक में लाई जा रही 4.95 लाख की नगदी बरामद

काशीपुर/गदरपुर( उद संवाददाता)। मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान कार के हैंड रेस्ट से पुलिस को दो लाख रूपयों की नगदी बरामद हुई। कार में सवार व्यक्ति पूछताछ के दौरान नगदी के बारे में संतोष जनक जवाब नहीं दे सका। वहीं गदरपुर में बाइक सवार दो युवकों के पास से 2 लाख 95 हजार की नगदी बरामद की गयी है। बरामद धनराशि को पुलिस ने कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाही की। जानकारी के मुताबिक संसदीय चुनावों के मद्देनजर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया है। जिसके तहत कुंडा थाना पुलिस मुरादाबाद रोड स्थित सूर्या पुलिस चौकी के निकट वाहनों की सदन जांच पड़ताल में जुटी थी इसी दौरान उधर से होकर फर्राटा भर रही किया सेल्टोस कार संख्या यूके 18 पी/9444 को पुलिस ने शक के आधार पर रोक लिया। गाड़ी की तलाशी लिए जाने पर कार के हैंड रेस्ट से पुलिस को दो लाख रूपयों की नगदी 500 रुपए के कुल 400 नोट यानी 2 लाख बरामद हुए। पुलिस की पूछताछ में कार सवार व्यक्ति ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रथम नवरात्र पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के प्रथम नवरात्र पर्व पर आज नगर एवं







निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में मां शैलपुत्री की श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। उन्होंने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित किया। इस मौके पर मंदिरों को रोशनी एवं फूलमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया है। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजित किये जा रहे है। पावन स्थल मां ज्वाला देवी से श्रद्धालुओं द्वारा लाई गई पावन ज्योति को श्री दुर्गा मंदिर में स्थापित किया गया है। जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पावन ज्योति का आर्शीवाद ले रहे हैं और पावन ज्योति का अंश स्वरूप लेकर अपने आवास व प्रतिष्ठानों में स्थापित कर रहे है। नगर के श्री (शेष पृष्ठ सात पर)

# विकास के नाम पर भाजपा ने जनता को किया गुमराह: प्रकाश जोशी

## कांग्रेस प्रत्याशी के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा ने हमेशा विकास के नाम पर लोगों को गुमराह ही किया है। देश का विकास कांग्रेस के हाथों में ही सुरक्षित रह सकता है। यह बात नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने आज यहां ट्रांजिट कैम्प वार्ड एक में तीन पानी डाम से रोड़ शो प्रारम्भ होने से पूर्व उपस्थित हजारों की संख्या में लोगों को सम्बोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के कोरे वायदों से अब आम जनता ऊब चुकी है। भाजपा का असली चेहरा लोगों के सामने आ चुका है। श्री जोशी ने कहा कि देश के प्रधान मंत्री भ्रष्टाचार हटाने के दावे तो करते हैं लेकिन उन्हें भी पता है कि भाजपा शासनकाल के दौरान बैंकों से हजारों करोड़ों के घोटाले हुए हैं। जिनके आरोपियों को भाजपा सरकार ने देश से भागने का पूरा मौका दिया। अब उन्हें पकडने का






झूठा नाटक किया जा रहा है। श्री जोशी ने कहा कि देश में सत्ता परिवर्तन की आंधी चल रही है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद देश में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी और देश को जनविरोधी नीतियों से मुक्ति मिलेगी। अपने सम्बोधन में विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि ट्रांजिट कैम्प में किच्छा विधानसभा का क्षेत्र पिछले दस वर्षों से विकास के लिए तड़प रहा था। भाजपा विधायक ने यहां के विकास के लिए कोई सुध नहीं ली। जिसका (शेष पृष्ठ सात पर)

# चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में गूंजे घंटे घड़ियाल

## मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप की विधि विधान से पूजा अर्चना

काशीपुर/जसपुर/बाजपुर(उद संवाददाता)। अंत: शुद्धि के महापर्व चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने को लेकर क्षेत्र की विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घंटे घड़ियालों की गूंज से इलाका भक्तिमय हो उठा है उधर तमाम स्थानों पर मां के जागरण आदि धार्मिक आयोजन/अनुष्ठान भी कराए जा रहे हैं। ऐतिहासिक चौती मैदान स्थित मां बाल सुंदरी देवी मंदिर, कलश मंडप रोड, तिकोनिया मोहल्ला गौतम नगर स्थित शिव गौरी मंदिर, माता मंदिर रोड स्थित मां शीतला देवी मंदिर, काली मंदिर, गिरीताल रोड स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर, खड़कपुर देवीपुरा स्थित मां खोखरा देवी मंदिर, मोहल्ला कवि नगर एवं आवास विकास स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर समेत क्षेत्र के तमाम शक्तिपीठों में सुबह सवेरे से श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना करने को लेकर भारी भीड़ देखी जा रही है। ऐसे ही चैत्र नवरात्रि के मौके पर मां दुर्गा के उपासकों ने सुबह सवेरे स्नान के पश्चात साफ वस्त्र धारण कर घर के मंदिर की साफ सफाई के बाद मिट्टी के कलश में जल भरकर सिक्का सुपारी डाले तदुपरांत आम के पत्तों पर चुनरी में लिपटे नारियल को कलश के ऊपर रखकर लाल कपड़े के ऊपर चावल डालकर दीप प्रज्वलित करते हुए कलश की विधिवत स्थापना की गई। कलश स्थापित करते हुए श्रद्धालुओं ने उस पर स्वास्तिक के निशान भी बनाए। ऐसे ही मिट्टी के एक अन्य पात्र में जौ बोए। पूजा स्थल पर गंगाजल धूप दीप फल मिष्ठान कलावा पुष्प शहद माता का श्रृंगार नारियल हल्दी अक्षत चुनरी रोली मोली कमलगट्टा नवैध घी शक्कर पंचमेवा जावित्री दूध दही लौंग सुपारी इलायची बंदनवार आदि रखकर सभी देवी देवताओं का आवाहन करते हुए प्रथम भगवान गणेश की पूजा की तदुपरांत मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए उपवास रखकर घर परिवार के सुख शांति की कामना की। इसी तरह जसपुर व बाजपुर क्षेत्र की विभिन्न मंदिरों में सुबह सवेरे से मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री के पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। बाजपुर जसपुर में तमाम स्थानों पर धार्मिक आयोजन भी कराए जा रहे हैं।



## शिव गौरी मंदिर में नवमी को होगा सामूहिक यज्ञ-शास्त्री

काशीपुर। कलश मंडप रोड पर मोहल्ला गौतम नगर तिकोनिया के समीप स्थित पौराणिक शिव गौरी मंदिर के पुजारी पंडित विशाल शर्मा शास्त्री ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के नवमी के दिन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर में सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सामूहिक यज्ञ का महात्म्य ऐसा है कि नकारात्मक शक्तियां दूर होती है। काया निरोगी होती है और परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। पंडित विशाल शर्मा शास्त्री ने कहा कि सामूहिक यज्ञ में आहुति देने वाले साधारण रोगों तथा महामारी से सदा सर्वदा के लिए दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ की वायु सर्वत्र पहुंचती है इसलिए ऐसे महायज्ञ से सर्व समाज का कल्याण होता है।

# सूरजमल नर्सिंग कॉलेज की 12 छात्राएं चयनित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा स्थित सूरजमल अग्रवाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को एक कैंपस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली हार्ट एंड लंग इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली से आए हुए प्रतिनिधि मेडिकल डायरेक्टर डॉ नीलम सेतिया एवं नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मिस ईस्टर रानी उपस्थित थी। कैंपस सलेक्शन कैंप में इंटरव्यू के उपरांत अंतिम रूप से कुल 12 छात्राओं को नर्सिंग जॉब हेतु प्लेसमेंट प्रदान किया गया चयन के बाद प्रतिनिधियों ने कहा कि चयनित छात्राओं के मेल पर ज्वाइनिंग लेटर भेज दिया जायेगा।इस अवसर हॉस्पिटल के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सूरजमल नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं बहुत ही प्रतिभान एवं योग्य है एवं वह हर वर्ष छात्राओं के चयन हेतु सूरजमल नर्सिंग कॉलेज आएंगे। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव एस एन शर्मा, नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल शरण कुमार एवं श्रीमती आशा गोस्वामी उपस्थित थी।



# हरिद्वार-ऊधमसिंह नगर के ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती शुरू

देहरादून। उत्तराखंड में गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की किल्लत शुरू हो गई है। मांग चार करोड़ यूनिट पार कर जाने से यूपीसीएल को बिजली आपूर्ति में पसीने छूटने शुरू हो गए हैं। लगातार दो दिन से मैदानी जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों में यूपीसीएल ने कटौती की। प्रदेश में अप्रैल के शुरुआत में मौसम ठीक होने की वजह से बिजली की मांग 3.6 से 3.8 करोड़ यूनिट तक चल रही थी। पिछले दो दिन से गर्मी बढ़ी है। तेज धूप खिलने से मैदानी इलाकों में लोड बढ़ गया है। मांग का आंकड़ा भी चार करोड़ यूनिट पार कर गया है। इसके बाद यूपीसीएल के पास 3.8 से 3.9 करोड़ यूनिट तक बिजली ही उपलब्ध हो पा रही है। नतीजतन हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर के ग्रामीण इलाकों में बिजली किल्लत का असर नजर आने लगा है। रविवार को करीब डेढ़ घंटे कटौती के बाद सोमवार को भी दो से ढाई घंटे बिजली कटौती हुई। हालांकि, यूपीसीएल ने अभी छोटे कस्बों में कटौती नहीं की है। मौसम ऐसा ही रहने पर आगामी दो से तीन दिन में बिजली की मांग, किल्लत और कटौती और बढ़ेगी।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ करें वोट : बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने आज अपने लोकसभा चुनाव के चुनाव प्रचार के दौरान 8 ग्रामों में नुक्कड़ सभाए की व ग्रामववासियों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर प्रत्याशी प्रकाश जोशी को जिताने की अपील की। बेहड़ ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए सभी ग्रामीणों को नवरात्र पर्व की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा के शासन में महंगाई चरम पर पहुच गयी है 400 वाला सिलेंडर 900 पार हो गया है ,युवा पढ-लिख कर भी बेरोजगार घूम रहा है सरकार रोजगार नहीं मुयेय्या करा पर रही है। आम आदमी त्रस्त है और अपना परिवार भी सही से नहीं चला पा रहा है। केंद्र में सत्ता परिवर्तन करना जरूरी हो गया है परिवर्तन के लिए कांग्रेस को वोट दे और प्रकाश जोशी को जिताएं। विधायक बेहड़ प्रात: काल से अपनी विधानसभा के गाँवों में नुक्कड़ सभाओं को सम्भोधित करते है आज छठे ग्रामीण भ्रमण के तहत उन्होंहे ग्राम गंगापुर ,गणेशपुर, नारायणपुरकोठा, सुन्दर कालोनी,गंगापुर पटिया,प्रतापपुर कालोनी,बंगाली कालोनी कनकपुर और इन्दरपुर में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामवासियों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की व गांववासियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, राजेश प्रताप सिंह,अशोक चुघ, रामकुमार सिंह, संतोष सिंह,मुन्ना तिवारी,भोलू शाही,चन्द्र प्रकाश सिंह ,दिनेश सिंह, सरवन कुमार सिंह, शिवाजी सिंह, गुरदास कालड़ा,बंटी गाबा,डाक्टर कार्तिक, निशांत शाही,सर्वजीत सिंह,शियाजी सिंह,धीरेन्द्र शाही,डाक्टर कार्तिक ,बलवंत सिंह,सतेन्द्र , प्रताप सिंह,संजय कुमार, रोशन लाल,दीपक कुमार, नंदकिशोर, महेंद्र,नथुनी, आदि लोग उपस्थित रहे।



# मां ज्वाला जी की ज्योति का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। मां ज्वाला जी की पवित्र ज्योत लेकर पहुंचे मां भक्तों का स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा ढोल नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया गया। श्री जय भवानी जागरण मंडल के सौजन्य से आयोजित की गई मां वैष्णो देवी की यात्रा करके पवित्र जोत लेकर आए श्रद्धालु मुख्य बाजार स्थित महेंद्र सिंह पेट्रोल पंप पर एकत्र हुए,जहां से ढोल नगाड़ों एवं भजन कीर्तन के बीच शोभा यात्रा निकाली गई तथा मां की पवित्र ज्योत को नगर भ्रमण करते हुए बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में स्थापित किया गया । श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन एवं मां के जयकारों के साथ जश्न भी मनाया गया। इस मौके पर पंडित राजन शर्मा, सोमनाथ छाबड़ा, सनातन मंदिर कमेटी अध्यक्ष वेद बजाज, कोषाध्यक्ष लेखराज भुड्डी, सोमनाथ छाबड़ा,शमी खुराना, पंडित विजय कुमार शास्त्री ,सुरेश खुराना , गुंजन सुखीजा, कृष्ण लाल बत्रा ,जगमोहन बजाज, लेखराज नागपाल, अशोक पोपली, शिवम शर्मा, रिक्कू भुसरी ,राजकुमार सिंधी, मनीष फुटेला ,अरुण बजाज, पंकज सेतिया, ओम प्रकाश बत्रा, हिमांशु गुप्ता ,रविंद्र बजाज ,प्रियांशु गुप्ता, सुरेंद्र बजाज, सक्षम ग्रोवर,ज्योति छाबड़ा, बबीता शर्मा, सुनीता बजाज ,लक्ष्मी देवी, प्रियंका शर्मा एवं रेखा रानी सहित तमाम श्रद्धालु शामिल रहे। वही ग्राम सुख शांति नगर स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर की मुख्य सेवादार माता कैलाश देवी के नेतृत्व में यात्रा करके मां वैष्णो देवी के दर्शन के उपरांत लाई गई पवित्र जोत को मंदिर में स्थापित किया गया ।



# प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के नाम पर ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## सब्सिडी दिलाने के नाम पर करते थे ठगी,कॉल करने के लिए रखे थे आंध्र प्रदेश के युवा

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री मुद्रालोन के नाम पर दून में बैठकर ठगी कर रहे एक गिरोह का एसटीएफ ने भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, मुख्य आरोपी अभी पकड़ से दूर है। आरोपी प्रेमनगर में एक कॉल सेंटर चला रहे थे। ये लोगों से मुद्रा लोन पास कराने और सब्सिडी दिलाने के नाम पर प्रोसेसिंग फीस आदि लेकर ठगी कर रहे थे। आरोपियों ने कॉल करने के लिए सैकड़ों सिम भी खरीदे थे, जिनमें से 64 सिम को एसटीएफ ने बरामद भी किया है। ठगों ने दो माह में करीब डेढ़ करोड़ रुपये ठगे हैं। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि टीम को जानकारी मिली थी कि देश में मुद्रा लोन के नाम पर ठगी की जा रही है। इसके लिए एसआई विपिन बहुगुणा और नरोत्तम बिष्ट की टीम ने गृह मंत्रालय के पोर्टल आईफोरसी पर जांच की। इस पोर्टल से संबंधित पोर्टल प्रतिबिंब पर पाया गया कि जिन नंबरों से ठगी हो रही है उनमें से कई देहरादून के प्रेमनगर इलाके में चल रहे हैं। इन मोबाइल नंबरों से संबंधित बैंक खातों की जांच की गई तो विभिन्न संदिग्ध लेनदेन भी पाए गए। बहुत से एटीएम से धन की निकासी बार-बार हो रही थी। इस बात की जानकारी तो पुख्ता हो गई थी कि गिरोह प्रेमनगर क्षेत्र में सक्रिय है लेकिन इनका सरगना कहां है इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही थी। गिरोह के सदस्य फर्जी पते पर जारी कराए गए सिम का प्रयोग कर रहे थे। मोबाइल में विशेष तकनीक का प्रयोग कर अपनी लोकेशन भी बाहर की दर्शा रहे थे। करीब 15 दिनों की पड़ताल के बाद एसटीएफ की टीम ने राहुल चौधरी उर्फ राहुल कनौजिया निवासी गांव करहेटा गोसपुर, कादीपुर, थाना दोस्तपुर, सुल्तानपुर और सिद्धांत चौहान उर्फ सिद्ध चौहान निवासी ग्राम जलूलपुर खेउघ, बदांयू को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों ने बताया कि इस गिरोह का सरगना दीपक राज शर्मा निवासी शिवनपुर, छोटेपट्टी जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश है। उसी ने इसकी शुरुआत की और सभी को एक-एक कर जोड़ लिया। एसएसपी ने बताया कि आरोपी दीपक राज शर्मा की तलाश की जा रही है। आरोपी राहुल चौधरी ने बताया कि उसके पास कोई काम धंधा नहीं था। वह 12वीं पास है। दीपक राज शर्मा उसके पास का रहने वाला है। वही उसे देहरादून लाया था। उसी ने बताया था कि कॉल कर लोगों को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के बारे में बताकर लोगों की मदद के नाम पर धन ऐंठा जा सकता है। इसके लिए वह खुद को सरकारी कर्मचारी बताता था। पहले लोगों को कॉल कर उनकी जरूरत पूछी जाती थी फिर उन्हें लोन पास होना बताया जाता था। इसके बाद प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर पांच से 10 प्रतिशत के हिसाब से शुल्क लिया जाता था। इस काम के लिए गिरोह एक हजार रुपये में सिम खरीदते थे। आरोपी दीपक राज शर्मा ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक आदि राज्यों के लोगों को ठगी का शिकार बनाया था। इसके लिए उसने इन्हीं राज्यों के युवाओं को अपने साथ जोड़ रखा था। आरोपियों ने दो माह के भीतर करीब डेढ़ करोड़ रुपये लोगों से ठगे थे। बताया जा रहा है कि दीपक राज शर्मा ने ठगी के पैसों से सुद्धोवाला में एक जमीन खरीदकर उस पर होस्टल भी बनाया है। इसके साथ ही उसने ठाकुरपुर में नित्या रेडिमेड गार्मेंट के नाम से दुकान भी खोल रखी है। आरोपी प्रतिसप्ताह पांच से छह लाख रुपये की ठगी करते थे।



# अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग की चैंपियन बनी एमिनिटी अकैडमी




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल मैच एमिनिटी स्पोर्ट्स अकादमी में हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकैडमी काशीपुर और एमेनिटी मदनलाल क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर के मध्य खेला गया। एमिनिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निधरित 50 ओवरों के खेल में 7 विकेट खोकर 315 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें शशांक पंत ने 72 आदित्य राज ने 74 , मृत्युंजय नेगी ने 61 ,आयुष त्रिपाठी ने 33 च रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। हाइलैंडर की तरफ से पुष्कर सिंह ने और कृष को दो-दो विकेट लिए ।लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकैडमी काशीपुर की पूरी टीम 126 रनों पर ऑल आउट हो गई ।जिसमें उज्जैन मलिक ने 29, आशीष गौतम ने 27 और चित्रांश ने 23 रनों का योगदान दिया। एमिनिटी स्पोर्ट्स अकादमी की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए अनुराग राज ने 5 और आदित्य राणा ने 4 विकेट लिए ।अच्छे प्रदर्शन के लिए अनुराग राज को फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का खिताब हाइलैंडर रस्पोर्ट्स अकादमी ने 189 रन से जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। इस मैच के अंपायर शैलेंद्र शर्मा और राघवेंद्र पंवार ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद आमिर द्वारा की गई। अंडर-19 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ऑस्ट्रेलिया के जूनियर कोच ब्रुश एडम के द्वारा विजेता और उपविजेता को पुरस्कृत किया। गया। ब्रूस एडम्स द्वारा क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर की प्रशंसा करते हुए यहां के सुविधाओं और प्रतियोगिता के स्तर को एक उच्च स्तर का बताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुभाष अरोड़ा एमडी एमेनिटी स्कूल,सुनील रेगोडे, प्लांट हेड, सुनील शर्मा, पूर्व रणजी खिलाड़ी कुणाल लाल,जैक एडम उपस्थित रहे। इस अवसर पर बलवंत सिंह कादर खान आफताब आलम , मोहम्मद नवाज सुनील यादव इंद्र नीलकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका तरुण सकलानी द्वारा की गई।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, शक्राणुओं की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।

## भाजपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

किच्छा(उद संवाददाता)। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए पंतनगर संजय कालोनी में फिर एक बार मोदी सरकार के नारे के साथ डोर टू डोर प्रचार किया। जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने मत दाताओं से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करें।प्रचार करने वालों में मंडल अध्यक्ष डी एन यादव, मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, सत्येंद्र मिश्रा, संदीप वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष पिंकी डिमरी, लक्ष्मी डिमरी, फिरोज आदि मौजूद थे।



## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आरएएन स्कूल में कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन.पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हार्टफुलनेस समूह ने एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया। इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार है। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉक्टर सीमा अरोड़ा और भारतीय हिंदू विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातक विवेक त्रिपाठी और मनोवैज्ञानिक श्रीमती रिया त्रिपाठी थे। वर्कशॉप में कक्षा 8 से 10 के छात्र और छात्राएं ने भाग लिए। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर छात्रों द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित गीत एवं नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा अपने भाषण में सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण है और सपनों को पूरा करने और समाज के लिए योगदान करने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। हार्टफुलनेस समूह द्वारा इस अवसर पर विद्यार्थियों को मानसिक शारीरिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय संचालिका श्रीमती निधि राय ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथिगणों का अपना कीमती समय देने के लिए आभार व्यक्त किया।



## ओमेक्स में 65 फिट ऊंचा तिरंगा स्थापित किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर की पाश सोसायटी ओमैक्स कालोनी के सेंट्रल पार्क में 65 फिट ऊँचा तिरंगा स्थापित किया गया। मंगलवार सुबह पार्क में सोसायटी अध्यक्ष आनंदसिंह नेगी, महासचिव अभिनव छाबड़ा, उपाध्यक्ष राकेश चौहान, ललित गोयल , अजय अरोरा , सुनील झावर , ग्रीश जोशी , योगेश लम्बा जी, डीडी जोशी , गोविंद गर्ग, गुरप्रीत सिंह चिलाना,भुवन पांडेय ,अरविंद यादव, तारा सिंह, पूरन, विशाल,अवधेश यादव,सुनील चुघ, हरीश एलाबादी, ओम प्रकाश शुक्ला ,गजेन्द्र सिंह , अनिल कुमार गुप्ता, अंतरिक्ष सैनी, सचिन गुम्बर तथा लोकतन्त्र सेनानी एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा समेत तमाम लोग इस अवसर पर मौजूद थे।

## इंटर कॉलेज की प्रयोगशाला से पुस्तकें और रजिस्टर चोरी

सितारगंज(उद संवाददाता)।राजकीय इंटर कॉलेज की प्रयोगशाला कक्ष की खिड़की तोड़कर चोरों ने पुस्तक और रजिस्टर चुरा लिए। पुलिस ने प्रधानाचार्य की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर के राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि हाईस्कूल प्रयोगशाला के कक्ष की खिड़की तोड़कर चोरों ने उसमें रखी पुस्तक, रजिस्टर चोरी कर लिए। जिसकी सूचना सफाई कर्मी वीरपाल ने उन्हें दी। पुलिस ने चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मेडिकल स्वामी पर चार लाख रुपए हड़पने का लगाया आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आईडिया कॉलोनी लालपुर, थाना किच्छा निवासी बलविंदर सिंह ने मोहल्ला खेड़ा, रूद्रपुर निवासी एक



मेडिकल स्वामी पर चार लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए उसने बताया कि वर्ष 2019 में उसके एक मित्र ने उसकी मुलाकात मोहल्ला खेड़ा निवासी एक मेडिकल स्टोर स्वामी से करवाई। धीरे धीरे दोनों के अच्छे सम्बन्ध हो गये। मेडिकल स्वामी ने अपने मेडिकल के काम बढ़ाने की बात कहकर उससे 5 लाख रूपये उधार की मांग की तथा 6 माह बाद वापिस करने का वायदा किया। उसकी बातों पर विश्वास करके उसने अपने घर पर उसको 5 लाख रुपए मित्र की मौजूदगी में उधार दे दिये। जब 6 माह बीत गये तो मेडिकल स्वामी ने उसके पैसे वापस नहीं दिये तो काफी तकादा किया। जिसके बाद उसके खाते में लगभग एक लाख रुपए ट्रांसफर कर दिये और बाकी पैसे बाद में देने की बात कही। बलविंदर सिंह ने बताया कि इसी दौरान मेडिकल स्वामी और उसकी पत्नी नशीली दवाइयां बेचने के आरोप में जेल चले गये। इसके बाद जब उसने जानकारी जुटाई तो पता चला कि यह क्रिमिनल फैमली का आदमी है और मूल रूप से बरेली जिले का रहने वाला है और इसके ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज है तथा इसका भाई भी किसी व्यक्ति की हत्या के आरोप में जेल में बन्द है। तब उसे एहसास हो गया कि मेडिकल स्वामी ने उससे पैसे ठग लिए है। जेल से आने के बाद कई बार इसकी तलाश की किन्तु नहीं मिला और यह फरार हो गया। माह जनवरी 2024 प्रार्थी को उसे जानकारी हुई कि वह वापिस अपने घर पर आ गया है। जिस पर उसने अपने पैसों की मांग की तो वह टाल-मटोल करने लगा। बलविंदर सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि 31 मार्च को मेडिकल स्वामी अपने दो साथियों के साथ उसके घर घुस गया और गाली गलौज करने लगा। उस समय वहां पर उसका मित्र भी मौजूद था। वह कहने लगा तुम्हारे पास क्या सबूत है कि तुमसे पैसे लिए। अब तुम मुझे उल्टा पचास हजार रुपए दो नहीं तो जान से हाथ धो बैठोगे। भाई को नहीं जानते हो तो अभी हाल में ही हत्या के जुर्म में छूट कर आया है। अगर पैसे नहीं दिये तो अगला नम्बर तुम्हारा है। कॉलोनी के लोगों के आने पर यह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। बलविंदर सिंह ने बताया कि मेडिकल स्टोर स्वामी और उसका भाई आपराधिक प्रवृति के लोग हैं और इस पर कई संगीन मुकदमें दर्ज हैं और कभी भी उसके साथ कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। उसने बताया मामले में किच्छा थाना पुलिस को तहरीर भी दे दी गई है।

## डीएम ने गेंहू काट कर किया क्रॉप कटिंग का शुभारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की निगरानी में मलसा गिरधरपुर के कृषक अंजू रानी के खेत में क्रॉप कटिंग का कार्य किया गया। जिलाधिकारी ने स्वयं गेहू काट कर क्रॉप कटिंग कार्य का शुभारंभ किया। कृषि एवं सांख्यकीय विभाग के नियमानुसार अंजू रानी के खेत में 43.3 वर्ग मीटर का प्लॉट बनाकर क्राप कटिंग के लिए चिन्हित किया गया। क्राप कटिंग के दौरान निधरित खेत से कुल 21 किग्रा गेहूँ उपज प्राप्त हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसान से बोये गये बीज, उर्वरक, कीटनाशकों आदि के संबंध में जानकारियां ली। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में क्राप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही फसलों के औसत उपज और



उत्पादन के आंकडे तैयार किये जाते है साथ ही इसके माध्यम से फसल बीमा योजना एवं कृषि उत्पादित संबंधित विभिन्न योजनाओं हेतु डाटा बेस भी तैयार किया जाता हैं। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग कृषकों के साथ मिलकर उत्पादन को बढाने के साथ-साथ नई तकनीकों के उपयोग बढाने का प्रयास करें ,जिसका समय-समय पर विभागों द्वारा स्थलीय निरीक्षण भी किया जाय। इस दौरान तहसीलदार दिनेश कुटौला , सांख्यिकी अधिकारी मदन सिंह बिष्ट, राजस्व उपनिरीक्षक पिपेन्द्र चौहान सहित कृषक उपस्थित थें।

माता की चौकी
पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के परिवार की ओर से प्रथम माता की प्रचौकी का आयोजन
दिनांक 9 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार रात्रि 8 बजे से
स्थान- श्री नीलकंठ धाम शैलजा कालोनी, रूद्रपुर
निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट ,रूद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
श्री अग्रवाल महिला समिति, रुद्रपुर
सुषमा अग्रवाल
अध्यक्ष
प्रिया गर्ग
महामंत्री
उषा श्यामपुरिया
कोषाध्यक्ष


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
An ISO 9001-2008 Certified Company Three Export Award Winner
All Products For Animal Only. Not For Human
एस.पी. सोल्वेन्ट लिमिटेड एवं पशु अहार
Kashipur Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Ph.: 05944-242600, Fax: 244565


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष
एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व की
हार्दिक शुभकामनायें
ओम प्रकाश अरोरा
महामंत्री
श्री सनातन धर्म सभा, रुद्रपुर
मनोज अरोरा
प्रांतीय महासचिव,
भारत विकास परिषद, उत्तराखण्ड
राम राज्य वायर एण्ड एलाईड इंडस्ट्रीज
B-2, इण्डस्ट्रियल एस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों
को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक
शुभकामनायें
जे.बी. सिंह
वरिष्ठ समाजसेवी, रुद्रपुर
NC
ISO 9001 : 2008
NATIONAL CONSTRUCTION
16, Avas Vikas, Opp. PAC Gate, Nainital Road
Rudrapur(U.S. Nagar) Ph.: 05944-240084
E-mail: national.cc@rediffmail.com


समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक
शुभकामनायें
अमित जैन लोहिया
माँ पदमावती स्टील
एण्ड सीमेन्ट
हमारे यहां एंगल चैनल, चादर पत्ती, सरिया, तार, पाईप
शट्टर सामान व सीमेन्ट इत्यादि मिलता है।
किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर फोन-05944-246363 मो. 9837014366


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
स्वास्तिक सोलवेन्ट
प्रोडक्टस इंडिया लिमिटेड
रामपुर रोड, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
Jwala Shoes Palace
Krishan Narang
adidas
Reebok
NIKE
Lee Cooper
Sant Baba Lal Singh Ji Marg, Madko Wali Gali, Rudrapur Ph.: 05944-244240


समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
हिन्दू ॐ नव वर्ष
अमित मिश्रा 'बिट्टू'
निर्वतमान पार्षद, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
हिन्दू ॐ नव वर्ष
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष
एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री सांई कन्सट्रक्शन


समस्त क्षेत्रवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं
पावन चैत्र नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
KUMAR AUTOWHEELS PVT .LTD.
(A unit of Kumar Group of Industries)
(Full Range Dealer of Mahindra & Mahindra Lt.d)
Kichha Bypass Road, Rudrapur, Distt-U.S. Nagar (Uttarakhand) Mobile:- +91-8191817744, +91-8449101234
Mobile:- Rudrapur +91- 8191899082, Sitarganj-+91- 8193899109, Khatima- +91- 8191899023
Corporate Office.: Compound Kumar Oxygen, Rampur Road, Rudrapur (U.S. Nagar)


हिन्दू ॐ नव वर्ष
समस्त क्षेत्रवासियों को
हिन्दू नववर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें
मोहन लाल खेड़ा
निर्वतमान पार्षद भूरारानी, रुद्रपुर
(उधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड

उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महिलाओं की सहभागिता

संसद में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने संबंधी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पिछले मानसून सत्र में पारित हो गया। हालांकि यह कानूनी प्रावधान अगले लोकसभा चुनाव से प्रभावी होगा, पर लंबे समय से रुकी पड़ी इस मांग के पूरा हो जाने से इसलिए महिलाओं में उत्साह है कि राजनीति में उनकी उपस्थिति बढ़ेगी और वे व्यवस्था संबंधी महत्त्वपूर्ण निर्णयों में सहभागिता कर सकेंगी। मगर महिलाओं को लेकर खुद राजनेताओं में जैसा संकुचित दृष्टिकोण देखा जाता है, उससे संदेह होता है कि उन्हें वास्तव में कितनी शक्ति और कितना सम्मान मिल पाएगा। चुनावी गहमागहमी में राजनेता अक्सर प्रतिद्वंद्वी नेताओं पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने से भी परहेज नहीं करते। वे भूल जाते हैं कि किसी महिला के बारे में अशोभन टिप्पणी करने से बचना चाहिए। ममता बनर्जी, हेमा मालिनी और कंगना रनौत पर की गई टिप्पणियां इसका ताजा उदाहरण हैं। इसके पहले भी कई चुनाव अभियानों के दौरान विभिन्न पार्टियों के जिम्मेदार माने जाने वाले नेताओं की तरफ से प्रतिद्वंद्वी पार्टी की महिला उम्मीदवारों और नेताओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों और लहजों को याद किया जा सकता है। चुनाव के अलावा, सामान्य अवसरों पर भी, महिला नेताओं के खिलाफ कई बार अशोभन वक्तव्य सुने गए हैं। लोकतंत्र में राजनेता अपने प्रतिद्वंद्वी पर तीखी टिप्पणियां कर सकते हैं, मगर इसका यह अर्थ नहीं कि लोकतंत्र की मर्यादा को ताक पर रख दिया जाए। राजनीति में सार्वजनिक वक्तव्यों का महत्त्व होता है। अगर कोई बड़ा नेता अपने किसी प्रतिद्वंद्वी के बारे में टिप्पणी करता है, तो निचली कतार के नेता उसे आगे बढ़ाते हैं। इसलिए उनसे न केवल शब्दों के चुनाव, बल्कि लहजे पर लगाम की भी अपेक्षा की जाती है। राजनीति में भाषा एक बड़ा औजार होता है। अगर उसे ठीक से बरतना न आए, तो कई बार खुद को भी जख्मी कर लेने का खतरा रहता है। किसी महिला के प्रति अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल तो यह भी जाहिर करता है कि टिप्पणी करने वाले का महिला समाज के प्रति दृष्टिकोण क्या है। संसद में महिला आरक्षण को लेकर चली बहसों के समय की कुछ टिप्पणियों की गूंज आज तक इसीलिए बनी हुई है कि उनसे पूरे महिला समाज के सम्मान पर प्रश्नचिह्न लगा था। राजनीतिक दलों की अगली कतार में सामान्य महिलाओं की उपस्थिति वैसे भी न के बराबर है। ऐसे में महिलाओं के प्रति दुराग्रहपूर्ण टिप्पणियां इस विडंबना को और गहरा करती हैं। यह भी चिंता का विषय है कि आखिर राजनीति में भाषा की मर्यादा इतनी धुंधली क्यों होती जा रही है कि राजनेता संसद और विधानसभाओं से लेकर सार्वजनिक मंचों तक पर बेलगाम कुछ भी बोलने में संकोच नहीं करते। महिलाओं के प्रति हमारे पुरुष प्रधान समाज का नजरिया किसी से छिपा नहीं है। शीर्ष नेतृत्व की संकीर्णता और दुराग्रह छन कर नीचे तक पहुंचते हैं। हर राजनीतिक दल महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने का दम भरता देखा जाता है, सत्ता में आने पर महिला सुरक्षा के दावे करता भी नहीं थकता, मगर जब तक खुद राजनेताओं के मन में महिलाओं के प्रति सम्मान पैदा नहीं होगा, तब तक उन्हें शक्ति दिला पाना संभव नहीं होगा।

# जलती धूपबत्ती के गिरने से भड़की आग

## रामनगर के गर्जिया मंदिर के पास नदी किनारे छप्पर बनाकर लगाई नारियल, चुनरी, प्रसाद, काडड्रिंक की 35 दुकाने जलकर हुई राख

रामनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के प्रसिद्ध गर्जिया माता मंदिर के परिसर में मौजूद प्रसाद की दुकानों में आग लग गई। शुरुआती जांच में मंदिर के टीले से जलती हुई धूपबत्ती के गिरने से आग लगी है।बताया जा रहा है कि आग में लगभग 35 से अधिक झोपड़ीनुमा दुकानें जलकर राख हो गईं। इससे दुकानदारों को 20 से 22 लाख का नुकसान हुआ है। हांलाकि अग्किांड में यहां पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं के साथ बड़ा हादसा होने से टल गया। चैत्र नवरात्रि शुरू होने से पहले दुकानदारों ने लाखों रुपये का सामान रखा हुआ था। सोमवार को दोपहर डेढ़ बजे के आसपास मंदिर के टीले से एक जलती हुई धूपबत्ती झोपड़ीनुमा दुकान की छप्पर पर बंधी चुनरी में गिर गई। तेज हवा के चलने से चुरनी में आग सुलग गई और उसने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते करीब 100 दुकानों में से 35 से अधिक झोपड़ीनुमा दुकानों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग से दुकानों में रखा सारा सामान जलकर राख



हो गया। जिससे दुकानदारों को करीब 20 से 22 लाख का नुकसान हुआ है। मंगलवार से चौत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। ऐसे में दुकानदारों ने अपनी दुकान में नारियल, चुनरी, प्रसाद, कोल्डड्रिंक और पानी की बोतल सहित पेयजल के उत्पाद रखे थे। वहीं दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले ही स्थानी दुकानदारों ने आग को बुझा लिया। बाद में मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने एक दो दुकानों में जल रही आग को बुझाया। दुकानदारों ने बताया कि हवा के साथ आग तेजी से बढ़ रही थी, ऐसे में एक-दूसरे से मिली दुकानों को बीच से अलग किया और दुकानों के बीच खाली जगह बनाई, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। दुकानदारों ने नदी से पानी को बाल्टियों में भरकर आग में डाला। यदि बीच से दुकानों को अलग नहीं किया जाता तो आग अन्य दुकानों में भी फैल जाती। अग्किांड में पीतांबर, कैलाश पंत, मथुरा राम, रमेश चंद्र शाह, मधुली देवी, अशोक फूल वाले, भोपाल राम, राजू, रधुली देवी, प्रदीप, महेश कुमार, श्याम चंद्र, रमेश चंद्र, पप्पू, गणेश राम, इशोरी राम, हरीश, गोपाल राम, भगीरथ, किशन, राजेराम, खीमराम, मुरारी लाल, गोविंद राम, प्रेमराम, प्रकाश चंद्र, फकीर राम, हरक बाबा, हरूली देवी, भागवंती देवी, सुमित बिष्ट और प्रकाश आदि की दुकानें आग में जल गई। वहीं सोशल मीडिया पर गर्जिया मंदिर की सीढ़ियों पर जान बचाकर भागे श्रद्धालुओं का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें आग की लपटों से जल रही दुकानों के चारों तरफ धुंए का गुबार उठ रहा है। कई लोगों के कीमती मोबाईल और सामान भी आग में जल गये है।

# चुनाव प्रचार की अनुमति के लिए तैयार किए विभिन्न ऐप और पोर्टल

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम और सरल बनाने के लिए विभिन्न ऐप और पोर्टल तैयार किए गये हैं। उन्होंने बताया कि सुविधा पोर्टल के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया हो सकती है। प्रचार अवधि में प्रचार की अनुमतियां, हेलीकॉप्टर की अनुमतियां, वाहनों की अनुमति, पोस्टर, बैनर अवं अन्य अनुमतियां सुविधा ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में सुविधा पोर्टल के माध्यम से अभी तक 2121



अनुमतियों के लिए अनुरोध प्राप्त हुए। उसमें से 1721 अनुमतियां प्रदान की जा चुकी हैं। 360 अनुमतियां पूर्ण दस्तावेज न होने अथवा निर्धारित प्रारूप पर न होने के कारण निरस्त की गई हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सी विजिल ऐप में भी राज्य की अच्छी प्रगति है। उत्तराखण्ड देश के शीर्ष तीन राज्यों में अपनी कार्रवाई प्रदर्शित कर रहा है। अभी तक सी विजिल ऐप पर 17 हजार 377 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। उसमें से 16 हजार 800 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक शिकायतें पौड़ी जनपद में 03 हजार 737, टिहरी जनपद में 03 हजार 254 और हरिद्वार जनपद में 2 हजार 600 प्राप्त हुई हैं। सबसे कम शिकायतें अल्मोड़ा जनपद में 162, बागेश्वर में 184 और उत्तरकाशी में 512 प्राप्त हुई हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सर्विस वोटर के लिए 93 हजार 187 इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) जारी किए गए थे। उसमें आवेदनों को डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 07 अप्रैल 2024 थी। 89 हजार 47 आवेदन डाउनलोड किए गए।

# जुमलों की गंगा बहा रही बीजेपी : माहरा

## सीएम धामी के बयान पर किया पलटवार,कांग्रेस नहीं करती झूठी घोषणाएं

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताये जाने की कड़े



शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि भाजपा के नेता आसन्न चुनावी हार को देखते हुए अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं इसीलिए जनता को फिर से धर्म की राजनीति में बांटने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र पर उंगली उठाने के बजाय अपने कार्यकाल की उपलब्धियां जनता को बतानी चाहिए तथा उन्हें यह भी बताना चाहिए कि भाजपा ने देश एवं राज्य के विकास के लिए कौन सी योजना बनाई। राज्य की बेटी अंकिता भण्डारी की नृशंस हत्या में कौन वीआईपी शामिल था। राज्य में बेरोजगारी के क्या आंकड़े हैं। अग्निवीर योजना से प्रदेश के युवाओं के चौपट हो रहे भविष्य के लिए रोजगार की क्या योजना है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में विकास की गंगा केवल भाजपा के जुमलों में बह रही है जिसका पानी आने वाली 19 अप्रैल को सूख जाएगा। करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठी घोषणाओं की बजाय धरातल पर काम करना जानती है। कांग्रेस पार्टी के शासकों ने नरेन्द्र मोदी की तरह केवल अपने मन की बात नहीं की बल्कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की बात सुनी और उसी के विकास को लक्ष्य बनाकर नीतियां बनाई। चुनाव आने पर भाजपा नेताओं की तरह घोषणा पत्र के रूप में झूठे चुनावी जुमलों वाला पुलिंदा प्रचारित नहीं किया बल्कि जनहित से जुड़े मुद्दों को जनता के सामने रखा। जनता को मुफ्तखोरी सिखाने और ग्रामीण व पर्वतीय क्षेत्रों में खेती-पाती खत्म करने के लिए फ्री अनाज का लालच नहीं दिया। बल्कि मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से लोगों को गांवों में ही रोजगार देकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को स्थापित करने का काम किया। करन माहरा ने कहा कि समाज को जाति-धर्म में विघटित करने की राजनीति भाजपा करती है। कांग्रेस ने धर्म के नाम पर अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने की बजाय हमेशा लोकतांत्रिक समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्षता की बात करते हुए जनता का समर्थन मांगा। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी के लिए बलिदान दिए। कांग्रेस ने अंग्रेजों से लम्बी लड़ाई लड़ी और अंग्रेजों की मुखबरी कर देश की स्वतंत्रता के लिए आन्दोलन कर रहे आन्दोलनकारियों के खिलाफ काम नहीं किया। कांग्रेस पार्टी के इतिहास में देश के लिए बलिदान करने वालों और देश को आगे बढाने वालों की लम्बी कतार है। देश में स्थापित संस्थानों जिनको आज सत्ता में बैठे लोग अपने व्यावसायिक मित्रों के हाथों कौड़ियों के भाव बेचकर अपनी पार्टी के लिए चुनावी चंदा वसूली कर रहे हैं। उनके निर्माण में कांग्रेस नेताओं की दूरदृष्टि वाली सोच थी। जबकि सत्ता में बैठी पार्टी ऐसी कोई भी योजना नहीं बता सकती जिसका लाभ जनता को लगातार 10 साल तक भी मिला हो। चुनाव आने पर इनके मुद्दे भी बदल जाते हैं और जुमले भी बदल जाते हैं। परन्तु अब देश की जनता इनकी जुमलेबाजी से आजिज आ चुकी है।

# प्रियंका गांधी की 13 अप्रैल को हरिद्वार और पौड़ी में होगी रैली

देहरादून। उत्तराखंड में कांग्रेस का चुनाव प्रचार गरमाने के लिए राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 13 अप्रैल को हरिद्वार और पौड़ी गढ़वाल सीट पर चुनावी रैली करेंगी। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं, लेकिन अभी तक राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का चुनावी कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का चुनावी कार्यक्रम तय हो गया है। प्रियंका पहली स्टार प्रचारक होंगी, जो पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार के लिए चुनावी रैली करेंगी। हरिद्वार और गढ़वाल सीट में 13 अप्रैल को एक ही दिन उनकी चुनावी रैली होगी। दोनों सीटों पर चुनावी रैली का स्थान तय होना बाकी है। यहां किसानों, महंगाई,



बेरोजगाई और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर प्रियंका गांधी सत्तासीन भाजपा के खिलाफ हमलावर हो सकती है। हरिद्वार जिले में रुड़की और गढ़वाल सीट में गौचर में रैली कराने पर विचार चल रहा है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने बताया, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का चुनावी कार्यक्रम तय हो गया है। पार्टी ने रैलियों की तैयारी शुरू कर दी हैं। उन्होंने बताया कि हरिद्वार व गढ़वाल सीट में एक ही दिन चुनावी रैली की जाएगी। दोनों स्थानों पर पूरे संसदीय क्षेत्र से पार्टी कार्यकर्ता आएंगे। यह रैली ऐतिहासिक होगी। कुमाऊं मंडल की सीटों पर भी एक-दो दिनों में राहुल गांधी व अन्य स्टार प्रचारकों के चुनाव प्रचार का कार्यक्रम तय हो सकते हैं। अल्मोड़ा और रूद्रपुर में राहुल गांधी समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे की चुनावी रैली हो सकती है।

# एनएच 74 घोटाले में तीन लोगों और एक फर्म के खिलाफ ईडी की चार्जशीट दाखिल

देहरादून। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 घोटाले में ईडी ने तीन आरोपियों और एक फर्म के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। इनमें एक कारोबारी और उसकी फर्म भी शामिल है। सभी पर गलत तरीके से मुआवजा लेने का आरोप है। ईडी इस मामले में आरोपियों की ढाई करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अटैच कर चुकी है। गौरतलब है कि वर्ष 2017 में एनएच घोटाला सामने आया था। इसकी जब एसआईटी ने जांच शुरू की तो कई अधिकारी और स्थानीय किसान जांच के घेरे में आए। सैकड़ों लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए। किसानों ने अपनी जमीनों को रिहायशी दर्शाकर करोड़ों रुपये का मुआवजा हासिल किया था। इनमें बहुत से किसान पंजाब के मूल निवासी थे। एसआईटी की जांच के बाद कई अधिकारियों पर गाज भी गिरी। एसआईटी की जांच के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वर्ष 2022 में कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के इस क्रम में ईडी ने बहुत से लोगों की संपत्तियां अटैच की। ईडी ने विक्रमजीत सिंह निवासी गिन्नीखेड़ा, अलीगंज, काशीपुर ऊधमसिंहनगर, मंदीप सिंह निवासी गिन्नीखेड़ा, विक्रमजीत सिंह और मंदीप की फर्म टेरा टेरा सीड्स और दिनेश प्रताप सिंह निवासी राजपुर रोड देहरादून के खिलाफ धनशोधन अधिनियम के तहत कार्रवाई की थी। इनकी संपत्तियां अटैच करने के बाद ईडी ने इनके खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज कराई। इसकी स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। अब इनके खिलाफ ईडी ने जांच के बाद धनशोधन अधिनियम के तहत चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट का स्पेशल ईडी कोर्ट ने संज्ञान लेकर ट्रायल के लिए 13 मई की तिथि नियत की है। विक्रमजीत सिंह : 12 लाख रुपये की अचल संपत्तियां टेरा टेरा सीड्स : 2.11 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां, टेरा टेरा सीड्स के खाते में : 22.87 लाख रुपये की संपत्तियां अटैच हुई थीं।

# सीएम योगी 13 को हल्द्वानी और 14 को श्रीनगर व रुड़की में करेंगे जनसभा

देहरादून। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री 11 अप्रैल को ऋषिकेश में जनसभा करेंगे। इस जनसभा की इस तरह से रचना बनाई गई है कि इसमें तीन लोकसभा सीटों की 24 विधानसभा क्षेत्र के लोग आएंगे। पार्टी ने एक लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य बनाया है। वहीं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीन जनसभाएं तय हो गई हैं। भाजपा उनकी दो और जनसभा कराने का प्रयास कर रही है। योगी 13 और 14 अप्रैल को उत्तराखंड में चुनाव प्रचार गरमाएंगे। माना जा रहा है कि सीएम योगी अयोध्या नगरी में पांच सौ वर्षों के बाद प्रभु श्री राम मंदिर



के भव्य मंदिर मे कांग्रेस के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण स्वीकार नहीं करने को लेकर सियासी हमला बोल सकते हैं। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभाएं भी तय हो गई हैं। पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ 13 अप्रैल को हल्द्वानी में जनसभा करेंगे। इसके बाद 14 अप्रैल को उनकी श्रीनगर गढ़वाल और उसके बाद रुड़की में जनसभा होगी। पार्टी उनकी एक जनसभा अल्मोड़ा और दूसरी सहसपुर में कराने का प्रयास कर रही है। योगी से पहले 12 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनाव प्रचार करने आएंगे। उनकी पहली जनसभा पूर्वाह्न 11.30 बजे गोचर में होगी। इसके बाद वह अपराह्न दो बजे लोहाघाट में चुनावी रैली करेंगे। शाम चार बजे वह काशीपुर पहुंचेंगे जहां उनकी एक जनसभा होगी।

# महानाम संकीर्तन व विशाल भंडारा का हुआ समापन

## ठाकुर जी को मालसा भोग लगाकर हजारों श्रद्धालुओं ने लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में गत छह अप्रैल से प्रारंभ हुए सार्वजनिक अखण्ड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं विशाल भंडारा का आज प्रात: धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पुजारी हरे कृष्ण दास द्वारा विधि विधान से ठाकुर जी को मालसा भोग लगाने के साथ ही विश्राम दिया गया। तत्पश्चात संकीर्तन मंडली द्वारा मृदंग मंजीरे के साथ संकीर्तन करते हुए ग्रहण किए गए नाम को वार्ड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्थापित किए गए श्री तुलसी माता पौध स्थल पर समर्पित किया गया। आयोजित सार्वजनिक अखंड महानाम संकीर्तन सुनने के लिए नगर एवं दूरदराज क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओ ने पहुंचकर ठाकुर जी का आर्शीवाद प्राप्त किया। महानाम संकीर्तन के दौरान कृष्ण पद दास, तरुण मंडल, दीपक सरकार व प्रमिला गोस्वामी निरंतर हरिनाम की माला जपते रहे। आयोजकों द्वारा प्रति दिन प्रात: एवं सायंकाल विशाल भंडारे का वितरण भी किया गया। अखंड महानाम संकीर्तन में संकीर्तन मंडलियों राधाकृष्ण सम्प्रदाय (रोबिन दा) दिनेशपुर, बीनापानी सम्प्रदाय (कालीदास) दिनेशपुर, श्री गुरू सम्प्रदाय (गुरूपदो) सुन्दरपुर, दादा भाई सम्प्रदाय (भंजन) शक्तिफार्म, हरि गोपाल सम्प्रदाय (लता) धर्म नगर तथा राधागोविन्द सम्प्रदाय (रिंकू) महाराष्ट्र द्वारा गत छह अप्रैल से निरंतर महानाम संकीर्तन किया गया। जिसकी धुन में उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तिभाव में खुद को समर्पित करते रहे। व्यवस्थाओं को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में आयोजन कमेटी के अध्यक्ष विष्णु सरकार सहित सरोज राय, पवित्र राय, शंकर सरकार, अमित सरकार, गोविंद राय,रंजीत मंडल, संजय विश्वास, मुकेश मालाकार, संजय ढाली, विश्वजीत मजूमदार, समीर बाबली, संजय ढाली, गौरांग विश्वास, प्रदीप गोलदार, श्यामल राय, करन मदक, विश्वजीत भगत, कौशिक पाल आदि ने निरंतर सहयोग किया। आज



प्रात: अखंड महानाम संकीर्तन महायज्ञ एवं विशाल भंडारा से समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर आयोजन कमेटी ने कार्यक्रम के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर सभी सहयोगियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल, पवित्र शील, रविंद्र धर, डा. सुजीत मित्रा, दीपक हालदार, निर्मल हालदार, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल, पवित्र शील, संजय विश्वास, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, श्यामली विश्वास, हेमलाल अधिकारी, देबू मंडल, सुशांत राय, सुब्रत सरकार, नारायण पाल, देव शंकर शील, ममता विश्वास, रेखा तरफदार, दुलाली मालाकार, शांति राय, संजय ढाली, सुजीत पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, असीम समद्दार, सुखदेव मंडल, जयदेव पाल, पवित्र शील, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देवदास सरकार, भानु विश्वास, जमुना सरकार, रीना सरकार, जुड़न मंडल, पूर्णिमा मिस्त्री, सरो राय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, सुबल मंडल, पुलिन शील, सुमति गांगुली, आरजू दास, आशा सरकार, मंटू मजूमदार, तारा गोलदार, गोविन्द सरकार, अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुव्रत सरकार, विष्णु सरकार, दीपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, सुप्रिया हालदार, शिपाली हालदार, नीरज हाजरा, रमेंन मंडल, मिथुन चक्रवर्ती, पुष्पा सरकार, कल्पना मदक, वकुल वर्मन, अंजली गोलदार, तपन विश्वास, जमुना राय, अजय राय, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, सुंदरी, कविता मंडल, देवदासी सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सावित्री सरकार, दुलाली मालाकार, सुनीता हालदार, सविता मजूमदार, आरती राय, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन विश्वास, खगोपति विश्वास, अशोक राय, बाबू दास, चंदना सरकार, माया बैरागी, ऊषा विश्वास, अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकडों श्रद्धालु मौजूद थे।

# 1100 दीप जलाकर मनाया हिंदू नव वर्ष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, सदस्य अमन कुमार के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर 1100 दीयों से हिन्दी में २०८१ हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं लिखकर संस्था पदाधि कारियों ने हल्द्वानी हिन्दू धर्मशाला में हिन्दू नववर्ष मनाया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू संरक्षक रुपेन्द्र नागर ने संयुक्त रूप से कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिन्दू नववर्ष का आरंभ होता है। क्योंकि ब्रह्म पुराण के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही भगवान ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण कर हिन्दू नववर्ष का प्रारंभ किया था लेकिन पिछले कुछ वर्षों से लोग अपनी भारतीय सनातन संस्कृति को भूलकर अंग्रेजी कैलेंडर नए वर्ष को धूमधाम से मनाते है जबकि भारत देश की अर्थव्यवस्था हिन्दू नववर्ष के हिसाब से ही चलती है फिर भी हिन्दू नववर्ष को लेकर लोगों में जागरूकता न होने के कारण लोग हिन्दू नववर्ष को भूलते चले जा रहे है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है इसलिए एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था हिन्दू नववर्ष पर दीपोत्सव का आयोजन करके लोगों को हिन्दू नववर्ष मनाने के लिए जागरुक कर प्रेरित कर रही है। इस दौरान संरक्षक रुपेन्द्र नागर, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू, सचिव नन्दकिशोर आर्या, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, मार्गदर्शक उमाकांत उपाध्याय, हेमन्त कुमार साहू, पूर्णिमा रजवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन अध्यक्ष सुचित्रा जायसवाल, समाजसेवी योगिता बनोला, मीना सती, पूनम अग्रवाल, प्रीति आर्या, सुमन वार्ष्णेय, खुशबू जायसवाल, किरन कश्यप, माला आर्या, मंजू शाह, जया जोशी, नीतू सनवाल, सुमन पाठक, रेनू कांडपाल, तरनजीत कौर, सुनीता जोशी, अमन कुमार, मनीष साहू, राजेश साहू, रोहतास प्रजापति, सुशील राय, जगदीश अग्रवाल, कनक चन्द,रिंकी गुप्ता, धर्मा कुमारी, बरखा शर्मा, शैफाली जायसवाल, सुनीता तिवारी, ज्योति जयसवाल, नीतू रौतेला, जानकी कश्यप, नन्दकिशोर आर्या, सूरज मिस्त्री, संदीप यादव ,दीपक कुमार, निलेश गुप्ता, मुकेश कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।



# भारत विकास परिषद ने किया ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए भारत विकास परिषद की नगर शाखा ने आम्रपाली यूनिवर्सिटी के फार्मेसी डिपार्मेंट में एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि ब्लड बैंकों में खून की कमी की कमी होने पर भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर किया गया। सचिव डॉ अभिषेक मित्तल ने बताया कि 75 यूनिट ब्लड का लक्ष्य रखा गया था और 95 यूनिट ब्लड का कलेक्शन हुआ। कलेक्शन डॉ सलोनी के नेतृत्व में सुशीला तिवारी ब्लड बैंक की टेक्नीशियन सुषमा और प्रियंका द्वारा किया गया।भवानी शंकर नीरज ने आम्रपाली यूनिवर्सिटी के सीईओ संजय धींगरा को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भगवान सहाय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, प्रांतीय महिला संयोजिका गीतू केसरवानी, मयंक मित्तल, मिताली मित्तल, पंकज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, आम्रपाली यूनिवर्सिटी के हेडफार्मास्यूटिकल साइंस डॉ अरुण कुमार सिंह , प्रो वीसी डॉ एसके सिंह, रजिस्ट्रार डॉ पंकज शाह, एडमिशन हेड संजय पसरिजा, डॉक्टर अभिजीत ओझा आदि लोग उपस्थित थे।




## पेज एक का शेष...

**बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का...**बदमाश की शिनाख्त अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगली भट्ट अमृतसर के रूप में की गई। मुठभेड़ की सूचना के बाद एसपी परमेंद्र अग्रवाल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मुठभेड़ की सूचना मिलने पर डीआईजी देहरादून से मौके पर पहुंचे। मुठभेड़ में मारे गये अमरजीत और उसके फरार साथी सरबजीत सिंह पर एक एक लाख रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। दोनों ने 28 मार्च को नानकमत्ता में डेरा कारसेवा प्रमुख तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या की वारदात सीसीटीवी में कैद हुई थी। जिसके आधार पर दोनों की पहचान तरनतारण, पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह और फतेहगंज, अमृतसर (पंजाब) निवासी अमरजीत उर्फ बिट्टू के रूप में हुई थी। घटना के बाद से ही पुलिस की कई टीमें कई राज्यों में दोनों की तलाश में जुटी थी। बाबा तरसेम सिंह हत्याकाण्ड में पुलिस अभी तक साजिश में शामिल सात लोगों लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि दोनों शूटर और मुख्य साजिशकर्ता अभी फरार थे। जिनमें से एक शूटर अमरजीत को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। अब दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। आईजी करण सिंह नगन्याल ने बताया कि मुठभेड़ में मार गया बदमाश नानकमत्ता में बाबा तरसेम सिंह की हत्या में मुख्य आरोपी था। सोमवार की रात देहरादून एसटीएफ को सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो बदमाश भगवानपुर की ओर से यूपी की सीमा में जा रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची टीम को दोनों बदमाश वही मिले, जिन्होंने बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या की थी। इस पर एसटीएफ की टीम ने भगवानपुर पहुंचकर बाइक सवार बदमाशों की घेराबंदी की तो उन्होंने एसटीएफ की टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश अमरजीत उर्फ बिट्टू को गोली लग गई। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

**रणवीर एनकाउंटर के ...**पर रणवीर सिंह नाम के युवक का गाली गलौच को लेकर एक दरोगा से विवाद हो गया था। आरोप था कि युवक को सबक सिखाने के लिए दरोगा जीडी भटट रणवीर को चौकी ले गए। युवक को सबक सिखाने के लिए चौकी में युवक को यातनाएं दी गई। हालत बिगड़ने पर युवक को पुलिस लाडपुर रायपुर के जंगल में ले गई। जहां पर फर्जी मुठभेड़ की कहानी रचकर उसकी 22 गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रणवीर के शरीर में 28 चोंटों की पुष्टि हुई थी। रणवीर एनकांटर के बाद सियासत भी गर्मा गई थी। उत्तराखण्ड से लेकर यूपी तक फर्जी एनकांटर की गूंज सुनाई दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह फर्जी एनकाउंटर के विरोध में देहरादून पहुंचे थे। रणवीर एनकाउंटर के बाद उत्तराखण्ड पुलिस पर गहरा दाग लगा था। जिसमें कई पुलिस कर्मियों को लम्बें समय तक जेल की हवा खानी पड़ी थी। तब से पुलिस की हल्की फुल्की मुठभेड़ की खबरें तो आई लेकिन सीधे किसी अपराधी का एनकाउंटर करने से उत्तराखण्ड पुलिस हमेशा बचती रही है। लेकिन बाबा तरसेम सिंह के हत्यारे का एनकाउंटर कर पुलिस ने जनमानस के बीच अपनी छवि को सुधारा है तो अपराधियों को एक कड़ा संदेश देने का काम किया है।

**कई पुलिस वालों को ..**कोतवाल संतोष जायसवाल, आराघर चौकी इंचाज जीडी भटट, एसओजी प्रभारी नितिन चौहान, का0 अजीत सिंह, सब इंस्पेक्टर नीरज यादव, विकास बलूनी, चन्द्रपाल, सुनील सैनी, नागेन्द्र राठी, संजय रावत ,सतवीर सिंह साक्ष्य छिपाने में इन्द्र भान सिंह, मोहन सिंह राणा, जसपाल गुसाई , मनोज कुमार का नाम शामिल था। नानकमत्ता में थानाध्यक्ष रहे संतोष जायसवाल जो उस समय डालवाला में बतौर इंस्पेक्टर तैनात थे। हालांकि कई पुलिस वाले जो एनकाउंटर में शामिल नही थे लेकिन प्रमोशन के चक्कर में अपना नाम लिखवा बैठे। लेकिन कई वर्षो की लम्बी कानूनी लड़ाई के बाद कई पुलिस वालों को कोर्ट से राहत मिली थी।

**बद इंतजामी के ..**की व्यवस्था भी फिलहाल राम भरोसे है। यहां बता दें कि पिछले वर्ष चौती मेले के दौरान हुई मूसलाधार बारिश ने व्यवस्था की पोल खोल दी थी। दूर दराज से आने वाली श्रद्धालुओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था तो वही मेले में छोटी-मोटी दुकान लगाकर जीवको पार्जन करने वाले लोगों को भी भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। चोरी जेबकतरी यहां आम बात है। यही कारण है की ऐतिहासिक खेती मेले की पहचान दिन-ब-दिन धूमिल होती जा रही है।

**प्रथम नवरात्र पर मंदिरों में ...** लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, माडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार आदि क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में मां की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के स्टाल लगे रहे । शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई मंदिरों में पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। हल्द्वानी- पावन नवरात्र पर्व एवं नव सम्वतसर पर्व यहां सभी मंदिरों में भक्तिभाव से मनाया गया। नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, विष्णुपुरी, श्री राम मंदिर, लटूरिया बाबा आश्रम, बेलबाबा मंदिर, श्री कालू सिद्ध बाबा मंदिर, जगदम्बा मंदिर, मां वैष्णों मंदिर आदि मंदिरों में प्रात: से ही मां भक्तों ने पहुंचकर मां की आराधना की।

**विकास के नाम पर ...**खामियाजा उन्हें हार के रूप में भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि अब यहां तेज गति से विकास कार्य कराये जा रहे हैं। जो मार्ग वर्षो से नहीं बन पा रहे थे अब मार्ग बन जाने से लोगों को कोई परेशानी नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों को अब पूर्व विधायक पचा नहीं पा रहे हैं और इनमें बाधा पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। जिसका जवाब क्षेत्र की जनता आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा को देगी। क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी ने रोड़ शो में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की तीन इंजनों की सरकार भी यहां विकास कार्य नहीं करा पाई। उन्होंने कहा कि देश में , राज्य में तथा रूद्रपुर नगर निगम में भाजपा की बागडोर होते हुए भी यहां विकास कार्य नहीं कराये गये। उन्होंने कहा कि जब से विधायक के रूप में तिलकराज बेहड़ ने क्षेत्र की बागडोर संभाली है न सिर्फ विकास कार्य तेजी से होने शुरू हुए वहीं लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान भी हुआ। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से विकास की गति को और बढ़ाने के लिए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। सभा को वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश पनेरू आदि वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी व विधायक जिलकराज बेहड़ का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सुरेश गौरी के नेतृत्व में लोगों ने जोरदार नारेबाजी के बीच माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिसके पश्चात रोड़ शो प्रारम्भ किया गया। जो तीन पानी से प्रारम्भ होकर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, दक्ष चौराहा, जेपीएस स्कूल से होते हुए किच्छा बाईपास पहुंचा। इस दौरान जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, रामसिंह, रविन्द्र सिंह, संजय सिंह, रामस्नेही, अशोक कुमार, गोबिंद सिंह, हरीश जोशी, कमल पांण्डे, रंजीत प्रधान, हरीदत्त जोशी, विशाल कश्यप, निशांत शाही, जयदत्त भगत, शिशुपाल, चन्द्रदेव शर्मा, लक्ष्मीदत्त जोशी, डा. दानू, गीता, सीता, पार्वती, शकुंतला, कामिनी, उर्मिला, अंजू, सीमा, रीना, गंगादेवी, सरस्वती देवी, लक्ष्मी देवी, कंचन अधिकारी, सपना शर्मा, सरोज, मीना कश्यप, हिमांशु जोशी अनीता साह, ज्योत्सना, अंकित , अनामिका , शीला चौधरी, सुनीता धौनी, रचना शर्मा, ममता पाल, मीनाक्षी , अरर्निका , रजनी गंगवार, प्रियंका देवी, विमला, वन्दना, कंचन बिष्ट, विनीता, सविता, लता, निशा, शीतल सहित हजारों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता मौजूद थी।

**कार और बाईक में...**अपना नाम वार्ड नंबर 35 मानपुर काशीपुर निवासी सौरभ अग्रवाल पुत्र सोम प्रकाश अग्रवाल बताया। पुलिस ने जब ई चालान मशीन द्वारा गाड़ी की डिटेल निकाली तो पता चला कि यह गाड़ी वार्ड नंबर 14 मोहल्ला सिंघान काशीपुर निवासी प्रियांशु अग्रवाल पुत्र रमेश चंद्र अग्रवाल के नाम पंजीकृत है। पुलिस ने नगदी कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाही की। गदरपुर- यहां एफएसटी(ई)प्रभारी सय्यद अख्तर हसन नकवी टीम सहित उत्तराखंड/ उत्तर प्रदेश सीमा पर ग्राम अब्दुल्ला नगर में चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो युवक बाइक पर आते दिखे जिस पर उन्हें रोक कर पूछताछ की टीम ने मोहम्मद एजाज पुत्र रियासत अली से 1 लाख और रहमत अली पुत्र रियासत अली निवासी ग्राम टाह अलीपुर थाना मिलकखानम जिला रामपुर से 1.95 लाख रुपए बरामद किए।टीम प्रभारी नकवी ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी और नगदी को माल खाने में जमा करा दिया। टीम में प्रभारी सैयद अख्तर हसन नकवी, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, मनोज कुमार,सुरेश कुमार,कैलाश मनराल, जीवन फुलेरा आदि शामिल रहे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पनाहगाह समझने वाले बदमाशों के लिए कब्रगाह बनी देवभूमि

## सात वर्ष में बाहरी राज्यों के हिस्ट्रीशीटर अमरजीत हरिद्वार और जरनैल सिंह उधम सिंह नगर में हुए ढेर

**हनीफ बाबा/अनिल सागर**

सितारगंज। भाड़े के हत्यारे, हिस्ट्रीशीटर के लिए देवभूमि पनाहगाह नही बल्कि हमेशा कब्रगाह बनी है। राज्य के हरिद्वार जिले में पुलिस, एसटीएफ ने नानकमत्ता थाने के इनामी वांछित अमरजीत सिंह को मुठभेड़ में ढेर कर बदमाशों को खौफनाक सबक सिखाया है। इससे 7 वर्ष पूर्व नानकमत्ता थाना क्षेत्र के दूरस्थ गांव में दिल्ली पुलिस की टीम हिस्ट्रीशीटर जरनैल सिंह को भी ढेर कर चुकी है। दोनों ही बदमाश बाहरी राज्यों के रहने वाले थे। 28 मार्च को नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब की धार्मिक संस्था डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की डेरे में घुसकर बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने जांच पड़ताल में मुख्य शूटर अमरजीत सिंह निवासी पंजाब समेत दो बदमाशों को चिन्हित कर लिया। बाबा तरसेम सिंह की हत्या के पीछे साजिश निकलकर सामने आई। जिसमें कई लोगों की पुलिस ने गिरफ्तारी भी की। लेकिन मुख्य आरोपी इनामी बदमाश अमरजीत सिंह और उसके साथी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने पूरी ताकत झोंक दी। शूटरों को पकड़ने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स के जवानों को भी तैनात किया गया। मंगलवार की तड़के हरिद्वार जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने नानकमत्ता थाने के एक लाख रुपए इनामी बदमाश अमरजीत सिंह, उसके साथी को घेर लिया। अमरजीत सिंह ने पुलिस से मुचेटा कर दिया। मुठभेड़ में अमरजीत सिंह की गोली लगने से मौत हो गई। इससे 7 वर्ष पूर्व वर्ष 2017 में दिल्ली पुलिस ने नानकमत्ता थाना क्षेत्र के दूरस्थ गांव में पनाह लेने वाले हिस्ट्रीशीटर जरनैल सिंह को पकड़ने का जाल बिछाया था लेकिन जरनैल सिंह ने पुलिस पर फायर कर दिया था। मुठभेड़ में जरनैल सिंह की पनाहगाह बना नानकमत्ता कब्रगाह बन गया। 7 साल में पुलिस की अलग-अलग मुठभेड़ में मारे गए अमरजीत सिंह, जरनैल सिंह पंजाब, दिल्ली में हिस्ट्रीशीटर थे। जरनैल सिंह ने दिल्ली में अपराध कर देवभूमि के नानकमत्ता थाना क्षेत्र के बिचवा गांव को पनाहगाह बनाने का प्रयास किया था। जबकि अमरजीत सिंह ने डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर राज्य में हड़कंप मचा दिया। अमरजीत सिंह यूपी, पंजाब राज्य में गंभीर मुकदमों में नामजद रहा था। जिसमें टाडा आईपीसी भी सम्मिलित है। मुठभेड़ में ढेर दोनों ही बदमाशों ने अलग अलग बाहरी राज्यों से आकर देवभूमि को शरणस्थली और अपराध कर हड़कंप मचाया था। इसके बाद पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में हरिद्वार पुलिस, एसटीएफ ने बदमाश अमरजीत सिंह को ढेर कर राज्य को शरणस्थली समझने वाले बदमाशों को कड़ा सबक सिखाया है।

# पिकप खाई में गिरने से चालक सहित आठ की मौत, दो गंभीर

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल जिले के बेतालघाट में एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से 8 लोगों की मौत हो गई। वाहन में 10 लोग सवार बताए जा रहे हैं। नैनीताल जिले में स्थित बेतालघाट विकासखंड के ऊंचाकोट क्षेत्र में देर रात एक दुर्घटना हुई। वाहन गहरी खाई में जा गिरा। जिसमें सवार 8 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे में ज्यादातर नेपाली श्रमिक हैं। सड़क दुर्घटना रवाना हुए थे। लेकिन रास्ते में ही ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा और वाहन करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। देर रात वाहन गिरने की आवाज सुनकर लोग आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। पुलिस को सूचना दी गई। हादसे में चालक की भी मौत होने की सूचना है। एसडीआरएफ से मिली जानकारी के अनुसार बेतालघाट के पास वाहन के खाई में गिरने की सूचनी मिली। बताया गया कि



की सूचना पुलिस मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू दल मौके पर पहुंचे। दुर्गम इलाके में हुए हादसे के बचाव कार्य में पुलिस को काफी मशक्कत उठानी पड़ी। शवों को सड़क तक पहुंचाने में करीब दो घंटे का समय लगा। जिसमें स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की हेल्प की। पुलिस के अनुसार सभी शवों को कड़ी मशक्कत के बाद खाई से बाहर निकाला गया है। सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हैं। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्राइवर के साथ 9 नेपाली मजदूर रामनगर के लिए वाहन (UK04-CC-0495) ऊँचाकोट से महेंद्रनगर, नेपाल की ओर जा रहा था, जिसमें 10 लोग सवार थे। एसडी आरएफ टीम द्वारा घटनास्थल में पहुंचकर लगभग 150 मीटर नीचे गहरी खाई में उतरकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों व पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाते हुए एसडीआरएफ टीम द्वारा घटना में मृत 08 लोगों के शवों को बाहर निकाला गया व 02 अन्य घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। चालक के अतिरिक्त सभी लोग महेन्द्रनगर, नेपाल के निवासी थे।

# कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग विचारधारा की छाप: भट्ट

जसपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल ऊधमसिंह नगर सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कांग्रेस के घोषणापत्र को देश हित में नहीं होना बताया। कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र से स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस के पास न तो देशहित की नीतियां हैं और न विकास परक सोच। श्री भट्ट ने अपने चुनाव प्रचार अभियान में जसपुर क्षेत्र में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में कहा कि 70 साल तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस को जनता ने क्यों खारिज किया? यह बात किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार चरम पर था। सरकारी योजनाओं का लाभ आम आदमी तक नहीं पहुंच पाता



था। कांग्रेस परिवारवाद में विश्वास रखने वाली पार्टी है। जब जनता कांग्रेस के कुशासन से तंग आ गई तो जनता ने देश की कमान नरेंद्र मोदी को सौंपी। मोदी ने देश को आगे ले जाने का काम किया। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की धनराशि सीधे खाते में भेजनी शुरू की। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की। कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में जहां मुस्लिम लीग की विचारधारा की छाप दिख रही है, वहीं तुष्टीकरण कांग्रेस की नीति रही है। कहा कि भाजपा के खिलाफ अलग अलग विचारधारा वाले राजनीतिक दल एक मंच पर आ गए हैं, लेकिन जनता उनकी हकीकत जानती है। देश में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही है। उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उनके साथ जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा पूर्व विधायक डाक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, मनोज पाल, गुलताश भुलर, विनीत चौहान राजकुमार गुम्बर, राजकुमार चौहान, गौतम गिरी आदि मौजूद रहे।

# माँ ज्वाला जी का ज्योति का पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत







रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन पर्व पर मां वैष्णो देवी दरबार की यात्रा के बाद शहर के श्रद्धालुओं द्वारा लाई गयी माँ ज्वाला जी पावन ज्योत का शहर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़ों और भजन कीर्तन के साथ स्वागत किया। शहर में पावन ज्योति की शोभा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान ज्योति के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। पावन श्रद्धांलू गाजे बाजे के साथ मां ज्वाला जी की ज्योत लेकर पांच मंदिर में पहुंचे और विधि विधान से नौ दिन के लिए ज्योत को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ स्थापित किया गया। इससे पूर्व मां ज्वाला की ज्योत का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। विधायक शिव अरोड़ा ने भी पावन ज्योत के दर्शन कर क्षेत्र के सुख एवं समृद्धि की कामना की। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि नवरात्रि के पवित्र माह में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पावन ज्योति के शहर में आगमन से माहौल भक्तिमय हो गया है। विधायक ने कहा शक्ति की देवी की कृपा सभी भक्तजनों पर बनी रहे। रुद्रपुर क्षेत्र में इसी प्रकार का प्रेम प्यार भक्तिमय वातावरण बना रहे, उन्होंने सभी क्षेत्रवासी को नवरात्रि पर भी शुभकामनाएं दी। इस दौरान पांच मंदिर अध्यक्ष महेश बब्बर, विजय जग्गा, नंद लाल भुड्डी, ओम प्रकाश अरोरा, प्रीत ग्रोवर, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजन आनन्द, लवी ग्रोवर, आशीष ग्रोवर, सुरेश राजदेव, हरीश अरोरा, सीमा अरोरा, मीना अरोरा, रजनी अरोरा, राजन राठौर, वेद ठुकराल, बॉबी अरोरा, विजय विरमानी, राजेश छाबड़ा, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, सचिन मुंजाल, गुरदीप गाबा, कीर्ति सिंह, राजकुमार खनिजो, शिवम जग्गा, संदीप धीर, डंम्पी चोपड़ा, व अन्य लोग मौजूद रहे।


